E-mail: coecsjmuniversity@gmail.com

☎🖷: 0512-2246609
☎🖷: 0512-2246608

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
# CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./सी0ओ0ई0/320/2025 दिनांक : 05/04/2025

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।

विषयः समर्थ पोर्टल पर छूटे हुए प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा एंव आन्तरिक अंकों को अपलोड कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के पत्रांक संख्या सी0एस0जे0एम0वि0वि0/सी0ओ0ई0/230/2025 दिनांक 30.03.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें समर्थ पोर्टल पर सत्र 2024–25 के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं से सम्बन्धित प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा के आन्तरिक अंक, लिखित परीक्षा के आन्तरिक अंक तथा वोकेशनल परीक्षा के आन्तरिक/वाह्य अंकों को कतिपय महाविद्यालयों द्वारा अपलोड नहीं किया गया था, जिसके कारण उनका परीक्षाफल घोषित किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा था। उक्त के सम्बन्ध में माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार रू0 10,000/– का अर्थदण्ड अधिरोपित करते हुए उपरोक्त अंकों को समर्थ पोर्टल पर अपलोड कराये जाने का एक अवसर प्रदान किया गया था। उक्त से सम्बन्धित प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा के आन्तरिक अंक, लिखित परीक्षा के आन्तरिक अंक तथा वोकेशनल परीक्षा के आन्तरिक/वाह्य अंकों को अपलोड किये जाने हेतु सम्बन्धित जिन महाविद्यालयों द्वारा रू0 10,000/– का अर्थदण्ड जमा कर दिया गया है उन सम्बन्धित महाविद्यालयों के प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा के आन्तरिक अंक, लिखित परीक्षा के आन्तरिक अंक तथा वोकेशनल परीक्षा के आन्तरिक/वाह्य अंकों को समर्थ पोर्टल के माध्यम से अपलोड किये जाने की अन्तिम तिथि 06.04.2025 निर्धारित की गयी है।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा के आन्तरिक अंक, लिखित परीक्षा के आन्तरिक अंक तथा वोकेशनल परीक्षा के आन्तरिक/वाह्य अंकों को निर्धारित तिथि में समर्थ पोर्टल के माध्यम से अपलोड कराना सुनिश्चित करें, इसके पश्चात् अंकों को अपलोड कराया जाना सम्भव नहीं होगा एवं विश्वविद्यालय द्वारा सम्बन्धित छात्र/छात्राओं की अनुपस्थिति दर्ज कराते हुए परीक्षाफल घोषित कर दिया जाएगा।

- यदि किसी महाविद्यालय को अंकों को अपलोड करने में असुविधा हो रही है तो वह महाविद्यालय विश्वविद्यालय से सम्पर्क करें।

संलग्नकः– यथोपरि।

भवदीय,

(राकेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक
Vijay

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, सी0डी0सी0, सी0एस0जे0एम0वि0वि0, कानपुर।
2. सिस्टम मैनेजर, सी0एस0जे0एम0वि0वि0, कानपुर।
3. सहायक कुलसचिव (परीक्षा)।
4. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ प्रेषित।
5. वैय0 सहायक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
6. पी0एम0यू0 सेल/प्रभारी, कोडिंग।
7. सम्बन्धित पत्रावली।

05/04/2025

(राकेश कुमार मिश्रा)
उप–कुलसचिव (परीक्षा)
Vijay

E-Mail coeoffice@csjmu.ac.in

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
# CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

सन्दर्भ संः सी.एस.जे.एम.वि.वि./COE/ 230 /2025 दिनांकः 30 / 03 /2025

सेवा में,

**प्राचार्य / प्राचार्या,**
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,
कानपुर।

**विषय : समर्थ पोर्टल पर छूटे हुए प्रायोगिक / मौखिक परीक्षा एवं आन्तरिक अंको को अपलोड कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

अवगत कराना है कि समर्थ पोर्टल पर सत्र 2024–25 के स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं से सम्बन्धित प्रायोगिक / मौखिक परीक्षा के आन्तरिक अंक, लिखित परीक्षा के आन्तरिक अंक तथा वोकेशनल परीक्षा के आन्तरिक / वाह्य अंको को कतिपय महाविद्यालयों द्वारा अपलोड नहीं किया गया है, जिसके कारण उनका परीक्षाफल घोषित किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। उक्त के सम्बन्ध में माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार ₹10,000 / – का अर्थदण्ड अधिरोपित करते हुए उपरोक्त अंकों को समर्थ पोर्टल पर अपलोड कराये जाने का एक अवसर प्रदान किया गया है। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा सहायक कुलसचिव (परीक्षा) से सम्पर्क स्थापित कर निर्धारित शुल्क जमा कराते हुए अग्रिम कार्यवाही पूर्ण करायी जायेगी।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि सम्बन्धित महाविद्यालय उपरोक्तानुसार ₹10,000 / – का अर्थदण्ड विश्वविद्यालय कोष में जमा कराते हुए सम्बन्धित प्रायोगिक / मौखिक परीक्षा के आन्तरिक अंक, लिखित परीक्षा के आन्तरिक अंक तथा वोकेशनल परीक्षा के आन्तरिक / वाह्य अंको को समर्थ पोर्टल के माध्यम से अपलोड कराना सुनिश्चित करें। अंक अपलोड कराये जाने हेतु समर्थ पोर्टल दिनांक 01.04.2025, 02.04.2025 एवं 03.04.2025 तक अन्तिम रूप से खुला रहेगा, इसके पश्चात् अंकों को अपलोड कराया जाना सम्भव नहीं होगा एवं विश्वविद्यालय द्वारा सम्बन्धित छात्र / छात्राओं की अनुपस्थिति दर्ज कराते हुए परीक्षाफल घोषित कर दिया जाएगा।

भवदीय

**(राकेश कुमार)**
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. सहायक कुलसचिव (परीक्षा)।
2. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी को सूचनार्थ।
3. वैय0 सहायक, कुलसचिव / वित्त अधिकारी।
4. पी0एम0यू0 / कोडिंग विभाग।
5. सम्बन्धित पत्रावली।

30/03/25

**(राकेश कुमार मिश्र)**
उप–कुलसचिव (परीक्षा)